WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक

# मेरठ दर्पण

वर्षः 05 अंक 352 मेरठ, शनिवार 10 जुलाई, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......




# मुख्यमंत्री ने श्रावण मास की पवित्र कांवड़ यात्रा 2021 की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

## ❑ शिव मंदिरों, शिवालयों, देव मंदिरों, यात्रा मार्गों सहित ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रावण मास में भगवान शिव के भक्तों की पवित्र कांवड़ यात्रा-2021 की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की आज समीक्षा की। उन्होंने कहा कि श्रावण मास 25 जुलाई, 2021 से प्रारम्भ हो रहा है। इसके दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न जनपदों व मार्गो पर श्रद्धालुगण द्वारा निकाली जाने वाली कांवड़ यात्राओं के सम्बन्ध में सभी तैयारियां समय से सुनिश्चित कर ली जाएं। इन यात्राओं में कोविड प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन सुनिश्चित हो। कांवड़ यात्राओं के सुरक्षित, सकुशल एवं सफल संचालन के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोताही न हो। उन्होंने कहा कि श्रावण मास के प्रारम्भ होने के पूर्व बकरीद का भी त्यौहार पड़ रहा है। इसके दृष्टिगत सतर्कता और सावधानी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड प्रोटोकॉल के ष्टिगत प्रत्येक स्तर पर कांवड़ संघों से संवाद स्थापित किया जाए। अनावश्यक भीड़ न एकत्र हो। कोविड के सम्बन्ध में सतर्कता व सावधानी के सभी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि कोविड की सेकेण्ड वेव पर नियंत्रण हुआ है, किन्तु सावधानी हर स्तर पर बरतना आवश्यक है। उन्होंने जन-भावनाओं और आस्था का सम्मान करते हुए कोविड प्रोटोकॉल के नियमों का पालन किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोविड के दृष्टिगत कोविड हेल्प डेस्क, कोविड केयर सेण्टर, एम्बुलेंस सेवा, हॉस्पिटल में आरक्षित बेड आदि उपलब्ध रहें। इन्फ्रारेड थर्मामीटर, पल्स ऑक्सीमीटर, सैनिटाइजर की भी व्यवस्थाएं कांवड़ यात्रियों व यात्राओं के सम्बन्ध में की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी शिव मंदिरों, शिवालयों, देव मंदिरों, यात्रा मार्गो सहित ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। यात्रा मार्गो पर स्ट्रीट लाइट सुनिश्चित की जाए। इन मार्गो पर बिजली के तार झूलते हुए न मिलें। यातायात व्यवस्था को बेहतर तरीके से मैनेज किया जाए। संवेदनशील स्थलों के सम्बन्ध में पूर्व तैयारी सुनिश्चित करते हुए चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रखी जाए। शिवालयों, कावंड़ यात्रियों के लंगर स्थलों, विश्रामालयों आदि स्थलों पर भी विशेष सतर्कता रखी जाए। सड़क व नदी आदि में होने वाली दुर्घटनाओं के सम्बन्ध में भी तैयारी कर ली जाए। शिवालयों और शिव मंदिरों में भी प्रकाश सहित उत्कृष्ट व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे कांवड़ यात्री मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक कर सकें। विद्युत आपूर्ति और पेयजल सहित यात्रियों के लिए जन-सुविधाओं की भी उपलब्धता रहे। मुख्यमंत्री ने धार्मिक तथा स्वयंसेवी संस्थाओं व संगठनों से समन्वय व संवाद स्थापित करते हुए कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सौहार्द व शांतिपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम सम्पन्न किए जाएं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी मण्डलायुक्तों और पुलिस जोन के वरिष्ठ अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मण्डलायुक्तों तथा पुलिस जोन के अधिकारियों को जनपद तथा रेंज स्तर पर तैयारियों व सतर्कता के सम्बन्ध में बैठकें किए जाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक मुकुल गोयल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मन्दिर का दानपात्र ही ले गए चोर



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** गंगानगर एल ब्लॉक में स्थित मंदिर में लगा दानपात्र ही बदमाश उखाड़ ले गए। मंदिर के पुजारी ने पुलिस को मामले की जानकारी दी है। पूरे मामले की पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनसुर गंगानगर थाना क्षेत्र के एल ब्लाक में श्रीशिव दुर्गा व हनुमान मंदिर है। पुजारी सतीश शर्मा के मुताबिक मंदिर का एक बड़ा व एक छोटा गेट है। बदमाशों ने छोटे गेट का ताला तोड़ा और मंदिर में दााखिल हो गए। उसके बाद बदमाशों ने मंदिर में लगा दानपात्र ही उखाड़ लिया। दानपात्र में रखी हजारों की नकदी चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी होने पर हंगामा हो गया। कश्वलोनी के लोगों ने मंदिर में चोरी की घटना को लेकर आक्रोश जाहिर किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस के मुताबिक असापास के घरों के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मामले में नेमू पंडित, वरुण चौधरी, दिव्यांश राघव, चिंकू, अभिषेक पुनाई, सार्थक व गौरव आदि पहुंचे और पुलिस से घटना के राजफाश की मांग की। इंस्पेक्टर घषिपाल सिंह ने बताया कि घटना स्थल का मौका मुआयना किया गया है। अभी तहरीर नहीं आई है।

# कागज के गोदाम में लगी आग लाखो का माल जल कर राख

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ के टीपी नगर थाना क्षेत्र स्थित कागज के गोदाम में शुक्रवार सुबह आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया गया कि आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के मुताबिक, शील कुंज निवासी गुरप्रीत खुराना का टीपी नगर क्षेत्र में शेखो पेट्रोल पंप के पीछे वेस्ट पेपर का गोदाम है। गुरप्रीत के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे आसपास के व्यापारियों ने दुकान से धुआं उठता देखा तो उन्हें घटना की जानकारी दी। जब तक गुरप्रीत मौके पर पहुंचे तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी।वहीं मामले की जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौके पर पहुंचीं।फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।पीड़ित व्यापारी के मुताबिक, आग लगने से लगभग सात लाख का नुकसान हुआ है। वहीं दमकल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।



# दिल्ली क्राइम ब्रांच ने मेरठ से फर्जी डॉक्टर को किया गिरफ्तार

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** दिल्ली क्राइम ब्रांच ने मेरठ से एक फर्जी डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया डॉक्टर मेरठ में एक निजी अस्पताल चला रहा था। हालांकि ये अस्पताल बंद है। डॉक्टर के खिलाफ दिल्ली के अलावा महाराष्ट्र में भी कई मुकदमें दर्ज है। डॉक्टर मेरठ में रहकर बड़ा खेल कर रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम उसे अपने साथ ले गई है। डॉक्टर के पास से दिल्ली क्राइम ब्रांच को दो पिस्टल, कैश, लैपटॉप और अन्य सामान बरामद हुआ है। खास बात यह है कि इस कार्रवाई का मेरठ पुलिस पता तक नहीं चला। आज शुक्रवार को दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम ने हापुड रोड स्थित शुभकामना हॉस्पिटल निकट आरटीओ रोड से फर्जी डॉक्टर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए डाक्टर का नाम विक्रांत है। इस पर 25 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। डॉक्टर विक्रांत का असली नाम मनीष कोल है। यह मेरठ में भी बड़े कारनामे कर चुका है। मेरठ के ही युवक वाहिद के साथ मिलकर लाइफ लाइन आनंद हॉस्पिटल चला रहा था। गिरफ्तार किए गए डॉक्टर ने अपने कई नाम बदले हुए थे। डाक्टर मनीष कौला उर्फ वरूण कौल उर्फ आशुतोष मारवाह उर्फ विशाल धीमान उर्फ संजीव चडढा के नाम से अपने कारनामों को अंजाम दे रहा था। दिल्ली क्राइम ब्रांच के इस छापे की जानकारी स्थानीय पुलिस को नहीं लग पाई। इस बारे में जब स्थानीय थाना नौचंदी के एसओ जानकारी की तो उन्होंने इस पर अनभिज्ञता प्रकट की।

# पूनम पण्डित पहुची एसएसपी आवास, दरोगा ने नही मिलने दिया एसएसपी से



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** बागपत निवासी निशानेबाज पूनम किसान आन्दोलन का हिस्सा बनने के बाद से। सोशल ।मीडिया पर अपनी अलग पहचान बना चुकी है। वही आज मेरठ एसएसपी से मिलने पहुची पूनम को एसएसपी से नही मिलने दिया गया। ये था मामला सोशल मीडिया पर अश्लील पोस्ट करने और छेड़छाड़ के मामले में कार्रवाई न होने पर शुक्रवार को एसएसपी आवास पर हंगामा हो गया है। किसान आंदोलन में रहीं बुलंदशहर की पूनम पंडित शुक्रवार को एसएसपी आवास पर पहुंच गई। उन्होंने कहा कि ब्रह्मपुरी थाने में उसके द्वारा एक मुकदमा दर्ज कराया हुआ है, जिसमें पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। वह अपनी बहन के घर माधवपुरम में एक महीना पहले आई थीं। इसी दौरान माधवपुरम के एक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ कर दी थी और फिर सोशल मीडिया पर अश्लील पोस्ट भी डाल दी। वहीं शुक्रवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचीं पूनम पंडित को मायूसी हाथ लगी। गेट पर मौजूद सिपाही ने टाइम टेबल का पाठ पढ़ाया।पूनम पंडित ने जब कहा कि आईएएस-आईपीएस से 24 घंटे मिलने का अधिकार है तो दरोगा ने कड़े शब्दों में कहा कि विशेष परिस्थितियों में ही जैसे कहीं बम फट गया हो...! उन्होंने एफआईआर हाथ में लेकर उसको दर्ज करने की तिथि देखी और कानून का पाठ पढ़ाते हुए हिदायत दी कि 90 दिन के बाद ही आप पुलिस से सवाल कर सकती हैं। पूनम पंडित ने कहा कि किसी महिला को लेकर सार्वजनिक टिप्पणी की जाती है और पुलिस 90 दिन का पाठ पढ़ाती है। बेहद दु:ख की बात है कि जिस कप्तान के निष्ठा व कर्मठता के कारनामे सुनकर वह यहां आई, असल मे वह भी कागजी ज्ञान पर ही निर्भर हैं।

## भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत



**मेरठ दर्पण मेरठ।** जाग्रति विहार मंडल द्वारा नवनियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज पोसवाल का भव्य स्वागत किया गया। जिसमें महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल, मंडल अध्यक्ष पंद्द रामकुमार चौबे, महामंत्री अनिलराज कौशिक , महामंत्री नरेन्द्र चौधरी , उपाध्यक्ष लोकेश ठाकुर, मंडल मंत्री अंकित भारद्वाज, मंडल मंत्री सागर शर्मा, अनिल त्यागी, राजेश लटवाल, गोतम वाल्मिकी, अरूण पाल, कनिका बिष्ट , शिवानी शर्मा ,प्रीती शर्मा,नेहा शर्मा आदि शामिल रहे।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय मेरठ में प्रबन्ध परिषद् की बैठक सम्पन्न



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय मेरठ में प्रबन्ध परिषद् की बैठक में हुई जिसमें कुलपति डॉक्टर आर के मित्तल, वित नियंत्रक लक्ष्मी मिश्रा, विधायक अनिता लोधी, हायर एजुकेशन ऑफिसर गुप्ता,डॉक्टर महेश कौशिक ने उपस्थित रहे।

## आरोप-प्रत्यारोप के बीच कैंट बोर्ड की आखिरी बैठक सम्पन्न



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** आरोपों व प्रत्यारोपों के बीच शुक्रवार को कैंट बोर्ड की आखिरी बैठक सम्पन्न हो गई। बताते है कि बोर्ड बैठक में कुल 94 बिंदुओं पर चर्चा हुई। उपाध्यक्ष बीना वाधवा ने पूर्व उपाध्यक्ष विपिन सोढ़ी पर गंभीर आरोप लगाए। इधर, बोर्ड अध्यक्ष ब्रिगेडियर अर्जुन सिंह राठौड़ ने सभी को मिलकर कार्य करने की नसीहत दी। बता दें कि 12 जुलाई को बोर्ड भंग हो जाएगा। बैठक में सदस्य अनिल जैन, रिन्नी जैन, बुशरा कमाल, नीरज राठौर, धर्मेन्द्र सोनकर आदि भी मौजूद रहे।

## केन्द्रीय मंत्री बनने पर राज्यसभा सांसद को दी बधाई



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा द्वारा राज्यसभा सांसद भूपेन्द्र यादव को केन्द्रीय मंत्री पर्यावरण, वन ,श्रम एवं रोजगार बनने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत गुप्ता राष्ट्रीय महामंत्री अमित कुमार गुप्ता, संरक्षक देवेन्द्र कुमार गुप्ता मिनर्वा एवं संजीव कुमार गुप्ता ने आज प्रातः भूपेन्द्र यादव के दिल्ली स्थित निवास पर पहुँचकर बधाई दी।ह्न

## नवागत क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज पोसवाल का जोरदार स्वागत



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ भाजपा का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जनपद पहुंचे मनोज पोसवाल का पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार ढंग से स्वागत किया गया। परतापुर से शहर में जैसे ही नवागत क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज पोसवाल का काफिला दाखिल हुआ तो भाजपाईयों ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार ढंग से स्वागत किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल व कोपरेटिव बैंक चेयरमैन मनिन्दरपाल सिंह ने परतापुर पर, कमलदत्त शर्मा ने दिल्ली रोड श्रीराम पैलेस, संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष अजय गुप्ता, राजकुमार मांगलिक, विवेक रस्तौगी आदि ने दिल्ली रोड पर उनका जोरदार स्वागत करते हुए उन्हे बाबा साहब का चित्र भेट किया।

## जिलाधिकारी ने क्षेत्र पंचायत प्रमुख चुनाव के संबंध में किया ब्लॉको का निरीक्षण

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारी के0 बालाजी ने आज क्षेत्र पंचायत प्रमुख निर्वाचन के संबंध में ब्लॉक जानीखुर्द, ब्लॉक सरूरपुर खुर्द सहित अन्य ब्लॉको का निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र की स्वस्थ्य परम्परा है। निर्वाचन की प्रक्रिया को ईमानदारी, सुचितापूर्ण, पारदर्षी व निष्पक्ष ढ़ग से पूर्ण किया जाये। उन्होने कहा कि नामांकन की प्रक्रिया कल दिनांक 08 जुलाई 2021 को पूर्ण हो चुकी है। मतदान व मतगणना 10 जुलाई 2021 को होगी। जिलाधिकारी के0 बालाजी ने बताया कि दिनांक 10 जुलाई 2021 को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक मतदान व अपरान्ह 03.00 बजे से कार्य




समाप्ति तक मतगणना होगी। जिलाधिकारी ने खंड विकास कार्यालयो के निरीक्षण के दौरान पुलिस व्यवस्था, मतदान प्रक्रिया व मतगणना प्रक्रिया सहित अन्य व्यवस्थाओ का जायजा लिया व आवष्यक दिशा-निर्देष दिये। इस अवसर पर एसडीएम सदर संदीप भागिया, एसडीएम सरधना अमित कुमार भारतीय, संबंधित खंड विकास अधिकारी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शासन ने दिये बागपत में नागरिक सुरक्षा कोर गठित करने के निर्देष, स्वयं सेवकों की भर्ती के लिए जल्द होगी प्रक्रिया प्रारंभ

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा मेरठ रविन्द्र कुमार ने बताया कि नागरिक सुरक्षा अनुभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के दो जनपदों बागपत एवं मुजफ्फ्रनगर में नागरिक सुरक्षा कोर के गठन करने के निर्देश जारी हुये थे तथा जिलाधिकारी बागपत को नियंत्रक नागरिक सुरक्षा घोषित किया गया है। पुलिस महा निदेशक नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश के आदेशो के अनुपालन में उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा मेरठ रवीन्द्र कुमार एवं सहायक उप नियंत्रक द्धवरिष्ठ वेतनमानऋ नवीन नारंग एवं कनिष्ठ सहायक नागरिक सुरक्षा, मेरठ प्रवीन कुमार द्वारा दिनांक 09 जुलाई 2021 को जिलाधिकारी नियंत्रक नागरिक सुरक्षा बागपत राजकमल यादव से व्यक्तिगत सम्पर्क किया गया तथा विभाग के बारे मे विस्तार से अवगत कराते हुये बागपत में नागरिक सुरक्षा के गठन के संबंध में वार्ता की गयी। जिलाधिकारीध नियंत्रक नागरिक सुरक्षा बागपत द्वारा श्री राम नयन प्रभारी अधिकारी कलक्ट्रेट को प्रभारी नागरिक सुरक्षा बागपत नामित कर दिया गया है। श्री राम नयन प्रभारी नागरिक सुरक्षा बागपत से विभाग के गठन के संबंध में विस्तार से वार्ता की गयी। शीघ्र ही बागपत जनपद में नागरिक सुरक्षा वार्डन सेवा एवं आपातकालीन सेवा के सदस्यों की भर्ती प्रारम्भ होगी। जिससे अन्य नगरों की भांति वार्डन सेवा सदस्य जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को शांति व्यवस्था एवं आपदा के दौरान अपनी सेवायें प्रदान करने के लिये तत्पर रहेगें सर्वप्रथम उनके द्वारा नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों की भर्ती के संबंध में निर्धारित प्रक्रियाधनियमों की जानकारी प्राप्त की गयी इसके पश्चात नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की भर्ती के संबंध में उनके द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने हेतु कहा गया है तथा शीघ्र ही दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति के माध्यम से नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों की भर्ती हेतु आवेदन प्राप्त कराने को कहा गया है।

## आशा व आंगनबाड़ी घर घर जाकर रोगियों व कुपोषित बच्चों की बनाएंगी सूची

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जनपद मेरठ में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जुलाई से प्रारंभ हो गया है जो कि 31 जुलाई 2021 तक संचालित होगाद्य दस्तक अभियान 12 जुलाई से प्रारंभ होगा और आगामी 25 जुलाई तक चलेगा, जिसमें आशा व आंगनबाड़ी घर घर जाकर रोगियों व कुपोषित बच्चों की सूची बनाएंगी व एक घर छोड़कर स्पीकर भी लगाएंगीद्यवीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जिला स्तरीय अंतर विभागीय टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुये सीडीओ शशांक चौधरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जन जागरूकता व जन सहभागिता से विशेष संचारी रोग अभियान को सफल बनाएंद्य उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से एक-एक कर जानकारी ली कि उनके द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान को सफल बनाने के



लिए क्या योजना बनाई गई है। मुख्य विकास अधिकारी शशांक चौधरी ने कहा कि जनपद की सभी नगर पालिका और नगर पंचायतों व ग्रामीण क्षेत्रों में तथा मेरठ के शहरी क्षेत्र में एंटी लारवा छिड़काव कराया जाए व फागिंग कराई जाए तथा झाड़ियों की कटाई व चटाई भी कराई जाएद्य उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छर रोधी पौधे लगाने पर जोर दिया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं पर भी अनावश्यक जलभराव ना हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अखिलेष मोहन ने बताया कि संवेदीकरण, जागरूकता, प्रचार-प्रसार आदि माध्यमो से अभियान को सफल बनाया जायेगा। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ सत्यप्रकाश ने बताया कि 12 जुलाई से दस्तक अभियान जनपद में प्रारंभ हो रहा है जिसमें आशा व आंगनबाड़ी घर-घर जाकर अभियान का प्रचार प्रसार करेंगी तथा बुखार रोगियों, संभावित क्षय रोगियों ,इनफ्लुएंजा लाइक इल लेस द्धआई एल आईऋ के रोगियों व कुपोषित बच्चों की सूची बनाएंगी तथा एक घर छोड़कर स्टीकर भी आवश्यक रूप से लगाएंगी। उन्होंने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान अंतर्गत दी अनेकों कार्य जनपद में कराए जा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत पर निगम अधिकारियों ने दी गलत रिपोर्ट विरोध पर चुप्पी साधी, शासन तक शिकायत हुई

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** प्रभातनगर गली निर्माण का कार्य शासन तक पहुँचा भाजपा पार्षद और नेताओं के किया विरोध। वार्ड 50 प्रभातनगर गली न 6 गत 4 वर्ष से से खराब एवम गड्डायुक्त है, भाजपा मनोनीत पार्षद लेखराज सिंह द्वारा अक्टूबर 2020 में नव निर्माण और मरम्मत के लिये प्रस्ताव दिया था, जिस पर पूर्व नगर आयुक्त ने कार्यवाही कर आख्या के आदेश दिए थे, अक्टूबर माह में निगम अधिकारियों द्वारा नपाई कर ली गयी थी और आश्वासन दिया था, पार्षद द्वारा बार बार रिमाइंडर देते रहे पर अधिकारियों ने नही सुनी, भाजपा के पूर्व महानगर संयोजक आशीष अग्रवाल ने सारा मामला मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज किया, उक्त मामले की रिपोर्ट आई जिस पर अधिकारियों ने धन का अभाव बताते हुए , बिना जांच के गली की स्तिथि को संतोषजनक की रिपोर्ट शासन को दी। इसकी जानकारी आज आशीष अग्रवाल को शासन से आई रिपोर्ट से मिली उन्होंने इस सम्बंध में जे.ई से विरोध दर्ज किया, सारा मामला क्षेत्रीय पार्षद लेखराज सिंह



ने नगर आयुक्त से विरोध दर्ज किया और गलत रिपोर्ट शासन को देने वाले अधिकारियों के विरोध में जांच करने को कहा और शासन से शिकायत करने को कहां। नगर निगम में हुई हलचल जे.ई. अनुज कुमार मौके पर आए जहाँ भाजपाई और क्षेत्रवासियों ने विरोध किया, जे.ई द्वारा चुप्पी साधी और पुनः दोबारा रिपोर्ट का बनाकर गली निर्माण का कार्य कराने का आश्वासन दिया। भाजपा नेता आशीष अगरवाल द्वारा सारा मामला पत्र के माध्यम से विभागीय कैबिनेट मंत्री आशुतोष टण्डन से अवगत करा दिया गया है। इस मौके पर गौरव त्यागी मण्डल उपाध्यक्ष, शेखर सिंह वार्ड 50 संयोजक , गोपीचंद शर्मा,अश्वनी मसीह, हेमंत सिंह,पूजा शर्मा,पुष्पा मसीह आदि क्षेत्रवासि उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष का किया स्वागत



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भारतीय उद्योग विकास व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा नेता काजी शादाब ने आज उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री अशफाक सैफी से लखनऊ में इंदिरा भवन स्थित कार्यालय में मिलकर पगड़ी पहनाकर व बुके देकर जोरदार स्वागत किया स इस दौरान अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े मुद्दों को लेकर चर्चा की स अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय को काफी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा स अल्पसंख्यक समाज के लिए जितने विकास कार्य और योजनाओं का लाभ भाजपा सरकार ने दिया है अन्य किसी सरकार ने नहीं दिया है स अध्यक्ष ने जल्दी ही मेरठ आने का आश्वासन दिया स इस अवसर पर प्रमुख रूप से शाहनवाज कुरेशी,सरफराज अली,वसीम अंसारी मौजूद रहे।

## शोभित विश्वविद्यालय में कोविड वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सब की सुरक्षा राष्ट्र की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए शोभित विश्वविद्यालय ने मेरठ स्वास्थ्य विभाग दौराला प्राइमरी हेल्थ सेंटर के सहयोग से विश्वविद्यालय प्रांगण में वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र द्वारा किया गया। वैक्सीनेशन शिविर में विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं आसपास के लोगों ने कोविडशील्ड की पहली एवं दूसरी डोज लगवाई। जबसे कोरोना महामारी आई है शोभित विश्वविद्यालय ष्सब की सुरक्षा राष्ट्र की सुरक्षाष को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के प्रशासन के साथ मिलकर अपना सहयोग देता आया है। उसी क्रम में आज विश्वविद्यालय ने दूसरी बार अपने कर्मचारियों एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कोविड शील्ड वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के साथ-साथ क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने अपनी पहली एवं दूसरी डोज लगवाई। शिविर में पहुंचे युवाओं ने अपनी पहली एवं दूसरी डोज लेने के उपरांत प्रांगण में लगाए गए सेल्फी पॉइंट पर अपने फोटो खींचकर दूसरे लोगों को वैक्सीनेशन के लिए जागरूक किया। वैक्सीनेशन शिविर में निधि शेखर, कुलपति प्रो एपी गर्ग, कुलसचिव मित्रानंद बहुगुणा, डॉ गणेश भारद्वाज, रमन कौशिक,डॉ अभिषेक डबास दौराला प्राइमरी हेल्थ सेंटर के इंचार्ज डॉ आशुतोष,सीएचओ- निधि, सीएचओ-अभिलाषा, एएनएम- अंजू, एएनएम- अनुसुइया, नीता का विशेष योगदान रहा।

## मेरा शहर मेरी पहल द्वारा किया गया पौधारोपण



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** गांवड़ी गांव स्थित काली नदी के किनारे मेरा शहर मेरी पहल द्वारा पौध ारोपण किया गया। वन्य जीवन के संरक्षण हेतु काम में आने वाले भोजन को दृष्टिगत रखते हुए आम, बरगद, अमरूद तथा जामुन के 100 से अधिक पौधे नदी के किनारे रोपें गए। इस मौके पर मेरा शहर मेरी पहल के कोषाध्यक्ष एस के शर्मा, कोऑर्डिनेटर अंकुश चौधरी, विपुल सिंघल, अरविंद चौधरी, लक्ष्मी शर्मा तथा प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

## ज्योत्सना माहेश्वरी को माहेश्वरी साहित्यकार मंच द्वारा महेश नवमी 2021 पर को दिया गया समाज प्रबुद्ध सम्मान



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ महेश नवमी के शुभ अवसर पर माहेश्वरी समाज के प्रगति व विकास के लिए माहेश्वरी साहित्यकार मंच द्वारा ज्योत्सना माहेश्वरी को समाज प्रबुद्ध सम्मान से नवाजा गया ज्योत्सना माहेश्वरी को उत्कर्ष चिंतन मनन और मंथन की विशिष्ट सहभागिता के लिए मंच द्वारा सम्मानित किया गया माहेश्वरी साहित्यकार मंच के संस्थापक श्यामसुंदर माहेश्वरी ने बताया कि ज्योत्सना माहेश्वरी द्वारा समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं समाज के उत्थान के लिए ज्योत्सना माहेश्वरी ने कार्य किए हैं उन कार्यों के लिए सम्मान उनको दिया जा रहा है वही सतीश लखोटिया ने बताया कि समाज के लिए अच्छे कार्य करने वालों को इसी तरह हमेशा माहेश्वरी साहित्यकार मंच द्वारा सम्मानित किया जाता है माहेश्वरी साहित्यकार मंच की कलावती करवा मधु भूतड़ा स्वाति जैसलमेरी ने भी अपने अपने विचार रखें और बताया महेश नवमी के उपलक्ष में समाज में अच्छा कार्य व समाज को नई दिशा की ओर ले जाने वाले समाज के सदस्यों का सम्मान किया जाता है संस्था द्वारा साहित्य मंच द्वारा समाज के लिए संदेश भी दिए गए

# ब्लाक प्रमुख चुनाव में धांधली को लेकर विपक्षी नेताओं ने चेताया



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** बुढाना ब्लाक व अन्य ब्लाकों में कल होने वाले प्रमुख पद हेतु निष्पक्ष मतदान कराने के लिए राष्ट्रीय लोकदल,समाजवादी पार्टी व कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ नेतागण जिलाधिकारी , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व अपर जिलाधिकारी प्रशासन से मिले । उन्होंने चेतावनी दी कि कल होने वाले चुनाव में सत्ता द्वारा कि जा रही धांधली को बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रमोद त्यागी जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक, राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष प्रभात तोमर, कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा व योगराज सिंह पूर्व मन्त्री व अन्य वरिष्ठ नेतागण जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी जे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव व अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह से मिले। उन्होंने कल होने वाले चुनाव में सत्ताधारियों पर सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष चुनाव की मांग की।

## एसिड अटैक महिलाओं पर किया जाने वाला सबसे भयानक अपराधः न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भागीदारी जन सहयोग समिति और राष्ट्रीय सेवा योजना युवा मंत्रालय-भारत सरकार की पहल गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावध ाान में ष एसिड अटैक की रोकथाम पर आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार के उद्घाटन सत्र में एसिड अटैक को महिलाओं पर किया जाने वाला सबसे भयानक अपराध बताते हुए न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने कहा कि लैंगिक समानता के बारे में जागरूकता विशेष रूप से बच्चों के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज एक ऐसे समाज के निर्माण की आवश्यकता है जो ऐसी घटनाओं से न केवल मुक्त हो अपितु इस तरह के हमले के शिकार के प्रति संवेदनशील भी हो स वेबिनार में दिल्ली एवं अरुणाचल प्रदेश की राज्य सेवाएं प्राधि ाकरणों की प्रधान भागीदारी रही स सत्र के सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉ राजेंदर धर भागीदारी जन सहयोग समिति के संरक्षक एवं कुलपति लिंगया यूनिवर्सिटी ने एसिड अटैक की रोकथाम एवं जागरूकता विषय को पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता का उल्लेख किया। उद्घाटन सत्र के अध्यक्षीय




भाषण में न्यायमूर्ति रूमी फूकान न्यायाधीश गौहाटी हाई कोर्ट ने लोकतांत्रिक समाज के एक संवेदनशील नागरिक होने के नाते एसिड एसिड पीड़ितों की मदद करने के लिए सभी के योगदान की आवश्यकता पर बल दिया न्यायाधीश एवं अतिरिक्त सचिव दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण नम्रता अग्रवाल ने महिलाओं अधिकारों के संरक्षण में पूरे देश में की राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला स उन्होंने बताया कि एसिड अटैक पीड़िता को प्राधिकरण से निशुल्क कानूनी सहायता देता है और आवश्यकता पड़ने प्राधिकरण के खर्चे पर निशुल्क अधिवक्ता की सेवाएं भी प्रदान की जाती है स साथ - साथ पीड़िता को मनोविज्ञानिक -परामर्श के द्वारा जीवन के प्रति भावनात्मक लगाव एवं समाज की मुख्य ध ाारा से जोड़ने का प्रयास किया जाता है स उन्होंने बताया कि एसिड अटैक पीड़िता, उसके परिवार का सदस्य या थाना प्रमुख द्वारा आवेदन करने या प्राधिकरण के संज्ञान में आने पर प्राधि ाकरण द्वारा 15 दिन में पीड़िता को एक लाख रुपया अंतरिम सहायता के रूप में दिए जाते है ताकि तुरंत इलाज इत्यादि की व्यवस्था हो सके और उसके बाद अगले दो महीने में दो लाख रुपया की सहायता और दी जाती है।

# कोविड की तीसरी लहर को देखते हुए अलर्ट जारी

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए मेरठ का स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट मोड पर कार्य कर रहा है। अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां 100 से ज्यादा सैंपल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए दिल्ली या फिर लखनऊ भेजे गए हैं। इन सैंपल के रिजल्ट जल्द आने की संभावना है। मेरठ के सीएमओ डॉक्टर अखिलेश मोहन का कहना है कि तीसरी लहर की आशंका को ष्टिगत रखते हुए युद्धस्तर पर तैयारी चल रही है। सीएमओ का कहना है कि डेल्टा प्लस वैरिएंट ज्यादा घातक बताया जा रहा है। एहतियात जरूरी है इसलिए लोग बेवजह बाहर न निकलें, क्योंकि कोरोना वायरस का प्रकोप कम हुआ है, अभी समाप्त नहीं हुआ है। वो कहते हैं कि यह अपना स्वरूप भी बदल रहा है।तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर मेरठ में युद्धस्तर पर तैयारी चल रही है। एक तरफ जहां वैक्सीनेशन युद्धस्तर पर चल रहा है तो वहीं ऑक्सीजन प्लांट भी शुरू हो गए हैं। सीएमओ डॉक्टर अखिलेश मोहन का कहना है कि मवाना, दौराला और किठौर में ऑक्सीजन प्लांट भी शुरू हो गया है। चार और ऑक्सीजन ऑक्सीजन प्लांट 15 जुलाई तक शुरू हो जाएंगे। वहीं मेडिकल कॉलेज जिला अस्तपाल और कैंट हॉस्पिटल में 31 जुलाई तक ऑक्सीजन प्लांट शुरू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर पीकू वार्ड और नीकू वार्ड भी तैयार हैं।

## एमआईईटी का आईसीटीई द्वारा आइडिया लैब स्थापित करने के लिए चयन

**मेरठ दर्पण-मेरठ ।** मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मेरठ के प्रबंधन ने संस्थान के द्वारा हासिल की जाने वाली उपलब्धियों के विषय में खुशी जाहिर की और कहा कि एमआईईटी खुद को लगातार बेहतर से बेहतर बनाने के लिए अपनी कमर कसे हुये है। इसी कड़ी में एआईसीटीई ने एमआईईटी को आईडिया लैब आइडिया डेवलपमेंट, इवैल्यूएशन एंड एप्लीकेशन के लिए चयन किया है। इसके साथ ही एमआईईटी आईडिया लैब के लिए चयनित देश के चुनिंदा 49 इंजीनियरिंग इंस्टिट्यूट्स में शामिल हो गया है। आईडिया लैब स्थापना के लिए आवेदन करने वाले 204 कॉलेजों में से केवल 49 कॉलेजों का चयन किया गया और एमआईईटी मेरठ ने फिर से अपनी क्षमता साबित की है और प्रदर्शन मेट्रिक्स और डेटा संग्रह के आधार पर एमआईईटी को अपने परिसर में आइडिया लैब स्थापित करने के लिए चयनित किया गया है। आइडिया लैब चौबीसों घंटे खुली रहेगी और इस प्रयोगशाला की स्थापना करके संस्थान छात्रों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित ढ्डस्टेमऋ के मूल सिद्धांतों के अनुप्रयोग के लिए प्रोत्साहित करेगा, ताकि वे व्यावहारिक अनुभव करके सीखने और उत्पाद की कल्पना कर सकें। एआईसीटीई आईडिया लैब की अनुमानित परियोजना लागत 1.34 करोड़ रुपये की होगी। एआईसीटीई 50 प्रतिशत यानी 46 लाख रुपये तक संस्थान को अनुदान के रूप में देगा। शेष 50 प्रतिशत लागत यानी 88 लाख रुपए संस्थान तथा इंडस्ट्री पार्टनर्स के द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। चेयरमैन विष्णु शरण ने कहा कि सभी उपलब्धियां न केवल संस्थान के प्रत्येक क्षेत्र जैसे शिक्षण एवं शिक्षक गुणवत्ता, छात्र गुणवत्ता, बेहतरीन प्लेसमेंट, विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा उद्योग जगत के साथ कुशल गठबंधनों का परिणाम है बल्कि स्वयं को लगातार पहले से और बेहतर बनाने नए मापदंड स्थापित करने के एमआईईटी के जज्बे को प्रदर्शित करता है। वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल ने कहा की एमआईईटी ने नई तकनीकों को एक दशक पहले ही अपना लिया था। हमारे स्ष्टूडेंट इंडस्ष्ट्री 4.0 के साथ-साथ नवीनतम तकनीकों को सीखने और अपनाने में हमेशा आगे रहे हैं, जिसका परिणाम कॉलेज के बेहतरीन प्लेसमेंट में साल-दर-साल दिखता रहा है।

# आयरन लेडी अंजू अग्रवाल द्वारा जनता को समर्पित नए विकास कार्यों का किया गया शिलान्यास







**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर की नगर पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते हुए साफ सफाई का निरीक्षण के अलावा शहर वासियों के लिए जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अपने कर्मचारियों को दिशा निर्देश दे रही है सबका साथ सबका विकास विकास किया है विकास करेंगे अपने इसी नारे के साथ पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल द्वारा समाज में सामंजस्य बिठाने का कार्य किया है पालिका अध्यक्षा के द्वारा आज पालिका के सभासदगण,अधिकारीगण और कर्मचारियों के साथ 15 वे वित्त आयोग की धनराशि के अंतर्गत निर्मित होने वाले लगभग घ75 लाख रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास कियास स्थानीय नागरिकों द्वारा ढोल नगाड़ा, फूल मालाओं तथा पुष्प भेंटकर अध्यक्षा का स्वागत करते हुए आभार जताया स वार्ड संख्या 11 राहुल पवार सभासद के वार्ड में ताराचंद डिग्री कॉलेज के बगल में सड़क एवं आरसीसी नाली का शिलान्यास किया स इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर संगीता चौधरी के द्वारा अध्यक्षा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया स इसके अलावा भी नगर में अनेक भागों में कार्यो का शिलान्यास किया गया जिसमें नागरिकों ने पालिका अध्यक्षा का जोरदार स्वागत किया। उपस्थित जन समूह द्वारा जोश से परिपूर्ण होते हुए नगर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल के जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए तथा मुक्त कंठ से प्रशंसा भी की गई' इस अवसर पर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल, राहुल पवार सलेक चंद, अरविंद धनगर, भीष्म सिंह, विवेक चुग नौशाद कुरेशी, संजय सक्सेना आदि सभासदगण के अलावा कपिल कुमार अवर अभियंता ,अशोक ढींगरा, मनोज बालियान, स्टेनो अध्यक्ष श्री गोपाल त्यागी, समाजसेवी एसके बिट्टू एवं क्षेत्रीय नागरिक संबंधित ठेकेदार गण मौजूद रहे।

## जनपद मुजफ्फरनगर में हिंदू महासंघ ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाए जाने की मांग की



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** पूरे देश में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर कानून बनाए जाने की काफी अरसे से मांग हो रही है जिसको लेकर जनपद मुजफ्फरनगर में में शुक्रवार को हिन्दू महासंघ के दर्जनों कार्यकर्ताओ ने जिला कलेक्ट्रेट पर पहुँचकर , जनसँख्या कानून नियंत्रण बनाये जाने की माँग की हिन्दू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने इस दौरान एक ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौपकर जनसँख्या नियंत्रण कानून बनाये जाने की माँग रखी। हिन्दू महासंघ के संरक्षक मनीष चौधरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि,कोरोना काल मे अधिक जनसँख्या होने के कारण ज्यादा मौते होई है,जिस कारण आज हमने प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है और मांग की है कि जल्द से जल्द जनसँख्या नियंत्रण कानून बनाया जाए।

## बढ़ती महंगाई के विरोध में मुजफ्फरनगर में क्रांति सेना ने सड़क पर अर्धनग्न होकर जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में शुक्रवार को क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महँगाई के विरोध में सड़क पर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। आपको बता दें देश मे पैट्रोल , गैस , खाद्य सामग्रियों के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं और बढ़ते दामों को लेकर हर कोई परेशान है,जिसके चलते सभी विपक्षी पार्टियां आए दिन सड़को पर उतर कर प्रदर्शन करती नजर आती है। ? इसी क्रम में आज क्रांति सेना के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने प्रकाश चौक स्थित अपने कार्यालय से शिव चौक तक अर्धनग्न होकर सड़क पर जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए क्रांति सेना के नगर अध्यक्ष लोकेश सैनी ने कहा कि देश मे बढ़ती महँगाई को लेकर आज अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया गया है,ओर अगर जल्द ही सरकार के द्वारा महँगाई पर काबू नही पाया गया ,तो क्रांति सेना के कार्यकर्ता और भी ज्यादा प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। इस अवसर पर जिला महासचिव राजेश कश्यप, नगर अध्यक्ष लोकेश सैनी ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि अब जुमलेबाजी नहीं चलेगी सरकार जनता को महंगाई के बोझ तले लाद रही है। प्रदर्शन में मुख्य रूप सेरू- जिला महासचिव देवेंद्र चौहान, जिला उपाध्यक्ष अवनीश चौहान, जिला सचिव नरेंद्र ठाकुर, प्रवीण शर्मा, नगर संगठन मंत्री जश्वनी पंडित, नगर उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, राजन वर्मा ,मीडिया प्रभारी प्रदीप कोरी ,नगर सचिव बाबूराम जाटव, अमित कश्यप, चरथावल ब्लश्वक प्रमुख अजय सैनी, ग्राम प्रमुख रविंद्र सैनी, योगेंद्र बिहारी, बृजपाल कश्यप ,सतीश कुमार, सुनील प्रजापति, मुकेश कुमार, हेम कुमार कश्यप , आदित्य कश्यप , गौरव सैनी, अजीत सैनी, नितिन वर्मा, शिवकुमार ,दिनेश, कुमार अरविंद सैनी आदि उपस्थित रहे।

## डीएम और एसएसपी ने दिए कावड यात्रा के लिए पुख्ता इंतजाम के निर्देश

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तराखंड में पाबंदी के बावजूद यूपी में दो साल बाद कोरोना काल के बाद शुरू होने जा रही कावड़ यात्रा को लेकर प्रशासन कि हाई लेवल कि बैठक में व महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिला पंचायत सभाकक्ष में आज कोरोना काल के बाद शुरू होने जा रही महाकाल भोले शंकर की विश्व विख्यात कावड़ यात्रा को लेकर प्रशासन ने 55 गांवों के नवनिर्वाचित प्रधानों के साथ की बैठक, कावड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाली सभी समस्याओं को 7 दिन में पूर्ण करने के जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी जे ने अधीनस्थ अधिकारियों को आदेश दिए। जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी जे ने कहा कि कावड़ यात्रा में अगर कोई त्रुटि पाई गई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही होगी। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही होगी 100 प्रतिशत



कांवड़ यात्रा कोविड के दिशा निर्देशो को ध्यान में रखते हुए सकुशल सम्पन्न कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। एसएसपी अभिषेक यादव ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को सख्त आदेश दिए वही एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने बताया कि हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य आस्था कि प्रतीक कावड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराना है और हमारा लक्ष्य दूसरे प्रदेशों के कावड़ियों को सकुशल ओर सुरक्षित और सुविधापूर्ण तरीके से मुजफ्फरनगर से निकालना रहेगा जिससे किसी कावड़ियों को कोई दिक्कत जनपद मुजफ्फरनगर से गुजरने में ना हो। बैठक में जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी जे,एसएसपी अभिषेक यादव, एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय, एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एडीएम फाइनेंस आलोक कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह, बीडीओ नेहा शर्मा सहित सभी एसडीएम, सीओ, बीडीओ सहित पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## पूरा परिवार मौत के मुंह में समाया, पत्नी और दो बेटों के बाद मुखिया की भी मौत

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के पुरुषार्थी कॉलोनी निवासी चारों परिजनों की पंजाब के संगरूर में हुए सड़क हादसे में मौत से पूरा परिवार एक साथ मौत के मुंह में समा गया। हादसे में घायल परिवार के मुखिया की भी मौत हो गई। पुरुषार्थी कॉलोनी निवासी डॉ. निरमोहन सिंह नागपाल अपनी पत्नी जसविंदर कौर और दोनों बेटों मनदीप सिंह 29 और नवदीप सिंह 24 के साथ कार से संगरूर जा रहे थे। संगरूर से पहले उनकी कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में मां और दोनों बेटों की मौके पर मौत हो गई। जबकि घायल होने के बाद डॉ. निरमोहन सिंह नागपाल की भी पटियाला के अस्पताल में मौत हो गई। जसविंद्र कौर शहर के एमजी पब्लिक स्कूल में शिक्षिका था,जबकि बडा बेटा मनदीप नोएडा के प्राइवेट अस्पताल में नौकरी करता था। रात्रि में ही वह नोएडा से मुजफ्फरनगर आया था। डा. निरमोहन नागपाल गांव सुजड में अपना क्लीनिक चलाते थे। हादसे की जानकारी मिलने पर उनके रिश्तेदार पुरुषार्थी कालोनी स्थित आवास पर पहुंचे है। बताया जा रहा है कि मृतकों का अंतिम संस्कार पंजाब में किया जाएगा।



मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने **'मेरठ दर्पण'** न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।

**सम्पादक– अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोन** 9897419837 **Email : mrtdarpan@gmail.com**

मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।